राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 12 जून। संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर विपक्षी नेताओं का दमन करने की नीति के तहत केन्द्र की भाजपा सरकार ने 8 वर्ष चुप रहने के पश्चात् नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी एवं कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी को ईडी का नोटिस दिया है, जो गलत है एवं निंदनीय है। केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करने के लिए देश की संवैधानिक संस्थाओं का लगातार दुरुपयोग कर लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। जिसकी कांग्रेस पार्टी एवं कांग्रेस नेता एक स्वर में निंदा करते है। उक्त विचार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहे।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के विपक्षी नेताओं के विरुद्ध किए जा रहे दमनकारी कृत्य तथा कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी एवं कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी को तथ्यहीन आधारों पर ईडी का नोटिस दिए जाने के विरुद्ध कल देशभर में कांग्रेस नेता ईडी कार्यालयों पर प्रदर्शन करेंगे तथा राजस्थान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, इन्दिरा गांधी भवन, स्टेशन रोड़ जयपुर से अंबेडकर सर्किल स्थित ईडी कार्यालय तक विशाल जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता के प्रति अपनी जवाबदेही से बचने के लिए देश के प्रमुख मुद्दों बेरोजगारी तथा महंगाई से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करने का कृत्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा कांग्रेस के विरुद्ध किए जा रहे षड्यंत्र के बावजूद कांग्रेस नेता बेदाग निकल कर आएंगे।

राजस्थान से कांग्रेस के सभी राज्य सभा प्रत्याशियों की विजय पर श्री डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने जो विश्वास राजस्थान की सरकार एवं संगठन पर जताया था उस विश्वास पर सभी कांग्रेस जन खरे उतरे हैं। उन्होंने कहा कि राज्यसभा प्रत्याशियों की राजस्थान में जीत भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए गए समस्त षड्यंत्रों के बावजूद हासिल की है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत सत्य की जीत है, कांग्रेस पार्टी की एकजुटता की जीत है तथा राजस्थान सरकार की गुड गर्वनेन्स की जीत है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता श्री गौरव वल्लभ का प्रेस नोट भी संलग्न है।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter